RAJRATAN
OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

**RGWL/25-26/**

**31st October, 2025**

| To<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai 400001<br>Scrip Code – 517522 | To<br>National Stock Exchange of India Limited<br>'Exchange Plaza', C-1, Block G,<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai – 400 051<br>Symbol - RAJRATAN |
|---|---|

**Dear Sir**

**Subject – Newspaper publication of Financial Results**

Please find enclosed herewith copies of newspaper advertisement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter ended on 30th September, 2025, published on 31st October, 2025 in "Economic Times" "Nai Dunia" and "Choutha Sansaar".

This is for your information and records please.

For **Rajratan Global Wire Limited**

Shubham Jain
Digitally signed by Shubham Jain
Date: 2025.10.31 13:09:41 +05'30'

**Shubham Jain**
**Company Secretary & Compliance Officer**

सेंसेक्स 84,404.46 ↘592.67 | सराफा दिल्ली के भाव | सोना ₹1,23,400 10 ग्राम ↘₹1,000 | चांदी ₹1,55,000 1 किलो ↗₹ 3,300 | डालर($) ₹ 88.69 ↗₹ 0.47

## एक नजर में

### ताजा विदेशी निकासी से 593 अंक लुढ़का सेंसेक्स

**मुंबई:** विदेशी फंडों की ताजा निकासी और फेडरल रिजर्व के रेपो रेट पर कार्रवाई के भविष्य पर अनिश्चितता का गुरुवार को घरेलू बाजारों पर नकारात्मक असर दिखा। इससे बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 592.67 अंक की गिरावट के साथ 84,404.46 के स्तर पर बंद हुए। कारोबार के दौरान यह 684.48 अंक गिरकर 84,312.65 के निचले स्तर तक पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी 176.05 अंक की गिरावट के साथ 25,877.85 पर बंद हुआ। (एजेंसी)

### हुंडई मोटर इंडिया का शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली:** हुंडई मोटर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई–सितंबर 2025) के दौरान उसका शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 1,574.26 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का कहना है कि इसमें मजबूत निर्यात का प्रमुख योगदान रहा है। जुलाई–सितंबर 2024 के दौरान कंपनी को 1,375.47 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। (एजेंसी)

### केनरा बैंक को 4,774 करोड़ रुपये का लाभ

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक को जुलाई–सितंबर 2025 में 4,774 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। बैंक ने गुरुवार को बताया कि इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4,015 करोड़ रुपये के मुकाबले 19 प्रतिशत की वृद्धि रही है। बीती तिमाही में बैंक के कुल आय बढ़कर 38,598 करोड़ रुपये रही है। पिछले वर्ष समान अवधि में बैंक की कुल आय 34,721 करोड़ रुपये रही थी। (एजेंसी)

### चार को खुलेगा ग्रो का 6,632 करोड़ का आइपीओ

**नई दिल्ली:** स्टाक ब्रोकिंग कंपनी ग्रो की पैरेंट कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स की 6,632 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए चार–सात नवंबर तक खुलेगा। गुरुवार को कंपनी ने आइपीओ का प्राइस बैंड 95–100 रुपये प्रति शेयर तय किया। आइपीओ में 1,060 करोड़ रुपये के नए शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (एजेंसी)

# जीएसटी शून्य होने से ज्यादा कवरेज वाले हेल्थ इंश्योरेंस की मांग 38 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी:** जीएसटी शून्य होने से ज्यादा कवरेज वाले हेल्थ इंश्योरेंस की मांग में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पालिसीबाजार की रिपोर्ट के अनुसार, औसत स्वास्थ्य बीमा कवर 13 लाख रुपये से बढ़कर 18 लाख रुपये हो गया है। यह उपभोक्ताओं में न्यूनतम कवरेज के बजाय व्यापक सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।



**13** लाख रुपये से बढ़कर 18 लाख रुपये हुआ औसत स्वास्थ्य बीमा कवर, पालिसीबाजार के अनुसार

**45** % खरीदार 15–25 लाख रुपये की पालिसी चुन रहे हैं, टियर–2 शहरों के लोग भी हो रहे जागरूक

रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी छूट के बाद लगभग आधे स्वास्थ्य बीमा खरीदार (45 प्रतिशत) 15–25 लाख रुपये की पालिसी चुन रहे हैं। लगभग 24 प्रतिशत ग्राहक 10–15 लाख रुपये के बीच का कवरेज चुन रहे हैं। वहीं केवल 18 प्रतिशत ही 10 लाख रुपये से कम के कवरेज को प्राथमिकता दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के क्रम में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर कर छूट का एलान किया था। नया नियम 22 सितंबर, 2025 से लागू हो गया है। यह छूट ग्राहकों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पालिसी को अधिक किफायती बनाने के लिए दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली सदी के नौंवे दशक में पैदा हुए लोग और बुजुर्ग अधिक कवरेज वाला बीमा प्लान ले रहे हैं। छोटे शहरों में कम कवरेज वाली बीमा पालिसी में भारी गिरावट आई है यह 24.1 प्रतिशत से घटकर 16.8 प्रतिशत हो गई है। यह दर्शाता है कि टियर–2 शहरों के ग्राहक भी स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं। इन छोटे शहरों में, 15–25 लाख रुपये का कवरेज चुनने वाले ग्राहकों की हिस्सेदारी 44.1 प्रतिशत से 48.6 प्रतिशत हो गई है।

# जुलाई–सितंबर तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से सोने की मांग में 23% की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी:** वर्ष 2025 की जुलाई–सितंबर तिमाही के दौरान देश में सोने की मांग का मूल्य 2,03,240 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में कुल मांग 209.4 टन रही, जो 2024 की तीसरी तिमाही की तुलना में 16 प्रतिशत कम है। यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि ऊंची कीमतें मूल्य को बढ़ाती हैं, लेकिन भार कम रहता है।



**2,03,240** करोड़ रुपये के सोने की मांग रही बीती तिमाही के दौरान

- कुल मांग 209.4 टन रही, जो 2024 की तीसरी तिमाही की तुलना में 16 प्रतिशत कम

आभूषणों की मांग 117.7 टन रही, जो पिछले साल–दर–साल 31 प्रतिशत कम है। हालांकि इनकी कीमत 1,14,270 करोड़ रुपये पर अपरिवर्तित रही। इस दौरान निवेश मांग में वृद्धि हुई है, क्योंकि मात्रा 20 प्रतिशत बढ़कर 91.6 टन हो गई है और मूल्य 74 प्रतिशत बढ़कर 88,970 करोड़ रुपये हो गया है। रिपोर्ट में मूल्य वृद्धि का श्रेय तिमाही के दौरान उच्च औसत कीमतों को दिया गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत स्थित क्षेत्रीय सीईओ सचिन जैन कहते हैं कि उच्च औसत कीमतों से प्रेरित मूल्य में यह मजबूत वृद्धि एक सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने के स्थायी आकर्षण की पुष्टि करती है। आपूर्ति की बात करें तो इस दौरान आयात 194.6 टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही से 37 प्रतिशत कम है। रिसाइकल की बात करें तो यह आंकड़ा 21.8 टन रहा है जो साल–दर–साल सात प्रतिशत कम है। इन बदलावों से पता चलता है कि परिवार बाजार में सोना बेचने के बजाय अपने पास रख रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल को पूरे साल के दौरान मांग 600 से 700 टन के बीच रहने की उम्मीद है।

### अल्फाबेट का राजस्व पहली बार 100 अरब डालर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने कैलेंडर वर्ष, 2025 की तीसरी तिमाही में 100 अरब डालर का राजस्व हासिल किया है। यह पहली बार है जब कंपनी ने किसी तिमाही में इतना राजस्व कमाया है। राजस्व में यह वृद्धि सर्च, क्लाउड और यूट्यूब सहित सभी क्षेत्रों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि से प्रेरित है।

वित्तीय परिणामों की जानकारी देते हुए अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने बताया कि जेमिनी एप ने 65 करोड़ मासिक सक्रिय यूजर के आंकड़े को पार कर लिया है। वैश्विक स्तर पर 40 भाषाओं में लांच किए गए एआइ मोड के अब 7.5 करोड़ से ज्यादा दैनिक सक्रिय यूजर हो गए हैं। गूगल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य व्यवसाय अधिकारी फिलिप शिंडलर ने कहा कि गूगल सेवाओं का राजस्व सितंबर तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 87 अरब डालर रहा है।

# भारत को चीन से फिर मिलेंगे रेयर अर्थ मैग्नेट

## विदेश मंत्रालय ने कहा, चार भारतीय कंपनियों को आयात लाइसेंस देने के लिए चीन ने जताई सहमति

- चीन ने अमेरिका की व्यापार नीति में बदलाव के बाद रोक दिया था इन दुर्लभ खनिजों का निर्यात
- पीएम मोदी के अगस्त में चीन के दौरे के बाद बनी बात, अब तक 50 कंपनियों ने किया आवेदन

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** चीन फिलहाल भारत की चार कंपनियों को रेयर अर्थ के आयात का लाइसेंस देने के लिए राजी हो गया है। इसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय ने की है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर स्मार्टफोन व अन्य इलेक्ट्रानिक्स आइटम में इस्तेमाल होने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट की किल्लत जल्द दूर हो सकती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय और विदेश मंत्रालय की मदद से 50 से अधिक कंपनियों ने चीन से रेयर अर्थ मैग्नेट का लाइसेंस हासिल करने के लिए आवेदन किया था। इस साल अगस्त आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चीन दौरे के बाद रेयर अर्थ की सप्लाई चीन की तरफ से फिर से शुरू होने की उम्मीद की जा रही थी।



चीन ने भारत की जिन चार कंपनियों को आयात का लाइसेंस दिया है, उसमें जय उशिन लिमिटेड, दि डायमंड इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कंटिनेंटल एजी और हिताची अस्टेमो शामिल है। भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चीन इस फैसले से मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को बड़ी राहत मिली है। अमेरिका की तरफ से व्यापार नीति में बदलाव के बाद चीन ने भारत समेत कई देशों में रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई पर रोक लगा दी थी। इससे भारत में मुख्य रूप से इलेक्ट्रानिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी।

**रेयर अर्थ की प्रोसेसिंग में चीन की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत :** इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक वैश्विक स्तर पर रेयर अर्थ मैग्नेट के कुल उत्पादन में चीन की हिस्सेदारी 61 प्रतिशत है। वहीं रेयर अर्थ की प्रोसेसिंग में चीन की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत है। इस साल की शुरुआत में चीन और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंधों में खटास आने के बाद चीन अमेरिका को सप्लाई होने वाले रेयर अर्थ पर पूरी तरह से रोक लगाना चाहता था। चीन को इस बात की आशंका थी कि भारत में रेयर अर्थ की सप्लाई जारी रही तो भारत उस रेयर अर्थ को अमेरिका को भी दे सकता है। भारत सरकार रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए स्कीम भी ला रही है। यह स्कीम 7000 करोड़ रुपये से अधिक की होगी। रेयर अर्थ मैग्नेट की पूरी सप्लाई चेन घरेलू स्तर पर तैयार करने के लिए सरकार इस स्कीम को ला रही है।

### ट्रेड डील को नया आकार दे रहीं आपूर्ति से जुड़ी चिंताएं

**नई दिल्ली, एजेंसी:** ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) के एक विश्लेषण के अनुसार, रेयर अर्थ मैग्नेट की वैश्विक आपूर्ति को लेकर बढ़ती आशंकाएं अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते के पीछे एक प्रमुख कारक बनकर उभरी हैं। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि यह समझौता सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन में कमजोरियों को लेकर वाशिंगटन की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। चिप निर्माण और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट आवश्यक हैं। अगर दोनों देशों के बीच समझौता हो जाता है कि चीनी आयात पर अमेरिकी शुल्क 47 प्रतिशत हो जाएगा, जो पहले 57 प्रतिशत था। जीटीआरआइ के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका को चीन का निर्यात मई, 2025 में 28.8 अरब डालर से बढ़कर सितंबर, 2025 में 34.3 अरब डालर हो गया और निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# वाहन सत्यापन न कराने पर भी बंद नहीं होगा फास्टैग

**नईदुनिया न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** फास्टैग ग्राहकों की सुविधा के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने वाहन सत्यापन यानी 'अपना वाहन जानो' (केवाईवी) की प्रक्रिया को आसान बनाया है। एनएचएआइ की सहायक कंपनी भारतीय हाईवे प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आइएचएमसीएल) की ओर से जारी संशोधित दिशा–निर्देशों के अनुसार, केवाईवी का पालन नहीं करने वाले वाहनों की फास्टैग सेवाएं बंद नहीं की जाएंगी और ग्राहकों को केवाईवी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाएगा।

नए दिशा–निर्देशों के तहत केवाईवी के लिए कार, जीप या वैन की साइड तस्वीरें अब आवश्यक नहीं होंगी। केवल नंबर प्लेट और फास्टैग दिखने वाली सामने की तस्वीर ही अपलोड करने की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, जब उपयोगकर्ता वाहन नंबर, चेसिस नंबर या मोबाइल नंबर दर्ज करेगा, तो स्वचालित रूप से वाहन पोर्टल से पंजीकरण विवरण प्राप्त करने की व्यवस्था की जाएगी। यदि एक ही मोबाइल नंबर पर कई वाहन पंजीकृत हैं तो उपयोगकर्ता उस वाहन का चयन कर सकेगा जिसके लिए वह केवाईवी प्रक्रिया पूरी करना चाहता है।



एनएचएआइ ने फास्टैग के लिए केवाईवी प्रक्रिया को बनाया आसान, अब केवल सामने की तस्वीर ही अपलोड करनी होगी

सेवाएं निरंतर बनाए रखने के लिए केवाईवी नीति से पहले जारी किए गए फास्टैग भी सक्रिय रहेंगे। फास्टैग जारी करने वाले बैंक उपयोगकर्ताओं को केवाईवी प्रक्रिया पूरी करने के लिए लगातार संदेश भेजेंगे। दस्तावेज अपलोड करने में कठिनाई पर फास्टैग जारी करने वाला बैंक ग्राहक से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी करने में मदद करेगा।

# साइबर सुरक्षा हब के रूप में उभर रहा भारत

- 2024 में भारत में साइबर अपराध की वजह से 23,000 करोड़ रुपये का नुकसान
- भारत में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में 400 से अधिक स्टार्टअप कर रहे हैं काम

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** इलेक्ट्रानिक्स और सूचना–प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जुड़ी एजेंसी इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी–इन) के मुताबिक भारत दुनिया में साइबर सुरक्षा के हब के रूप में उभर रहा है। सीईआरटी का दावा है कि भारत में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में 400 से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं और भारत में साइबर सुरक्षा से जुड़े कुशल प्रोफेशनल्स की संख्या 6.5 लाख से अधिक हो गई है। भारत में साइबर सुरक्षा का कारोबार 20 अरब डालर से अधिक हो गया है।

भारत में साइबर सुरक्षा से जुड़े स्टार्टअप से लेकर कुशल प्रोफेशनल्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। साइबर सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है। देश के कई प्रौद्योगिकी संस्थानों में साइबर सुरक्षा से जुड़ी सैकड़ों परियोजनाओं पर अनुसंधान किया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में साइबर सुरक्षा के मद में 782 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इन वजहों से सीईआरटी का मानना है कि भारत साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी पूरी दुनिया की मदद कर सकता है।

सीईआरटी का कहना है कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के प्रयासों को विश्व आर्थिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने भी सराहा है और भारत के को–आपरेटिव बैंकों को साइबर हमलों से बचाने के लिए किए गए प्रयासों का डब्ल्यूईएफ ने दुनिया के समक्ष जिक्र भी किया है।

### एआइ से रियल टाइम बग को पकड़ने में मिल रही मदद

जानकारों का कहना है कि डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है और भारत का डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर कई विकसित देशों से भी बेहतर है। ऐसे में, भारत में डिजिटल अपराध की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। डाटालिड्स के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में साइबर अपराध की वजह से 23,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो वर्ष 2023 के मुकाबले 10 गुना अधिक है। वर्ष 2024 में साइबर अपराध से जुड़ी लगभग 20 लाख शिकायतें दर्ज की गईं। सीईआरटी के मुताबिक वर्ष 2024 में भारत में रैंसमवेयर की 147 घटनाएं हुईं। जानकारों का कहना है कि एआइ की मदद से रियल टाइम आधार पर मालवेयर व अन्य बग को पकड़ने में मदद मिल रही है।

### जियो ग्राहकों को मुफ्त मिलेगा गूगल का एआइ

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** जेन जी के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी जियो ने गूगल के साथ समझौता किया है। इसके तहत 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के दूरसंचार ग्राहकों को अगले 18 महीनों तक गूगल एआइ प्रो का मुफ्त एक्सेस देने का एलान किया गया है। इसके साथ ही गूगल की तरफ से इसी आयु वर्ग के ग्राहकों को दो टेराबाइट (दो हजार गीगाबाइट्स) की स्टोरेज क्षमता और गूगल जेमिनी 2.5 प्रो का एक्सेस भी दिया जाएगा।

इस पैकेज में नैनो बनाना (एआइ आधारित फोटो जेनेरटर और एडिटर), नोटबुक एलएम (दस्तावेजों को कम समय में समझने में मदद करने वाला एआइ) भी मिलेगा। यह सुविधा कंपनी सिर्फ उन जियो ग्राहकों को मुहैया कराएगी, जिन्होंने 5जी का अनलिमिटेड प्लान खरीद रखा है।

# एक नवंबर से पीली मटर पर लगेगा 30% आयात शुल्क

- इससे किसानों को राहत और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को मिलेगी गति
- सस्ते विदेशी आयात के कारण किसानों को उठाना पड़ रहा है भारी नुकसान

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने पीली मटर पर 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का फैसला किया है। यह निर्णय एक नवंबर से लागू होगा। इससे किसानों को राहत और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को गति मिलेगी। यह कदम आत्मनिर्भर भारत के उस लक्ष्य की दिशा में अहम माना जा रहा है, जिसमें किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि बाजार के निर्णायक भागीदार बन सकेंगे। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब सस्ते विदेशी आयात के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा हैं और कई दालों की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे पहुंच गई हैं। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस हालिया घोषणा से भी जोड़ा जा रहा है, जिसमें दस दिन पहले 42 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है।





केंद्र सरकार का फैसला सराहनीय है। इससे किसान दाल उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे और रकबा बढ़ेगा। अभी अरहर और उड़द पर भी शुल्क बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही चना और मसूर का आयात शुल्क 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाना चाहिए। दलहन उत्पादन और आयात की समीक्षा के लिए एक राष्ट्रीय समिति गठित की जानी चाहिए। – **ज्ञानेश मिश्र**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

दिसंबर, 2023 में पीली मटर को ड्यूटी–फ्री किया गया था। तबसे देश का दलहन बाजार असंतुलित हो गया था। इस दौरान रूस और कनाडा से सस्ती मटर का आयात तेजी से बढ़ा, जिससे घरेलू उत्पादकों पर दबाव बढ़ा। वर्ष 2024–25 में भारत ने लगभग 67 लाख टन दालें आयात कीं, जिनमें 30 लाख टन सिर्फ पीली मटर थी। आयातित मटर की औसत कीमत 3,500 रुपये प्रति क्विंटल रही, जबकि अरहर, उड़द एवं मूंग का एमएसपी सात–आठ हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच था। सस्ते आयात के कारण किसानों को अपनी फसलें एमएसपी से काफी नीचे बेचनी पड़ीं और घरेलू बाजार कमजोर हुआ। भारत का लक्ष्य 2030 तक दालों में आत्मनिर्भर बनना है। वर्तमान में सालाना लगभग पौने तीन करोड़ टन दालों की जरूरत होती है, जबकि उत्पादन 2.4 करोड़ टन के आसपास है। यह अंतर आयात से पूरा किया जाता रहा है।

### एमएसपी पर अरहर की शत–प्रतिशत होगी खरीद

वर्तमान में अरहर की कीमतें 7,550 रुपये की एमएसपी के मुकाबले 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे हैं, उड़द की 6,150 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि एमएसपी 7,400 रुपये है, और मूंग का भाव 6,557 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि एमएसपी 8,682 रुपये है। सरकार ने अब अरहर, मूंग और उड़द की एमएसपी पर शत–प्रतिशत खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू किया है।

## अंचल की मंडियां



**जावरा :** गेहूं 2400 से 3100, सोयाबीन 3800 से 4300, असालिया 5500 से 6000, तुलसी 11000 से 13000, मैथी 4800 से 5500, बेस्ट 5500 से 8000, चना 5300 से 5800, डालर 7000 से 9400, अजवाइन 7000 से 11000, रावा 6000 से 6500, धनिया 6000 से 7500, खसखस 110000 से 141000, मसूर 6000 से 6600, कलोंजी 17000 से 23000, अलसी 7000 से 7400, तिल 7000 से 9500, बटला 3000 से 6000, इसबगोल 7000 से 9000, मुंग 5000 से 7000, उड़त 3000 से 6000, प्याज 200 से 1100, लहसून 2000 से 9000 रुपये।

**उज्जैन :** गेहूं 2200 से 3200, चना 5100 से 5610, चना काबुली 4390 से 8901, सोयाबीन 2060 से 5051 रु.। आवक गेहूं 3580, चना 09, चना काबुली 117, सोयाबीन 15217 बोरी।

**रतलाम :** गेहूं लोकवन 2600 से 3057, मक्का 1500 से 1887, चना विशाल 4920 से 6191, डालर 7930 से 9061, सोयाबीन 3210 से 5800, मटर 3250 से 4800, लहसुन 1150 से 5501, प्याज 290 से 1414 रुपये क्विंटल।

**सैलाना :** गेहूं 2390 से 2940, सोयाबीन 1717 से 7000, चना देशी 5000, डालर 5740, रायड़ा 6045, मटर 3199, मैथी 5740 से 6301, लहसुन 701 से 8400, प्याज 150 से 1090, मक्का 1699 से 1799 रुपये क्विंटल। **नीमच:** गेहूं 2325 से 3225, मक्का 1700 से 2390, उड़द 3500 से 6601, चना 4000 से 6000, मसूर 5100 से 6999, सोयाबीन 3250 से 4471, रायड़ा 4200 से 6550, मूंगफली 3000 से 7000, अलसी 7400 से 8000, तिल्ली 5000 से 11000, पोस्ता 85000 से 150000, मैथी 4130 से 7511, धनिया 6090 से 7701, अजवाइन 9000 से 13225, कलौंजी 19000 से 25400, लहसुन 3500 से 12451, अश्वगंधा 11000 से 38100, चिया बीज 10800 से 23200, किनेवा 1800 से 4750 तक का।

नईदुनिया क्लासीफाइड
कम दाम, ज्यादा काम

आवश्यकता

**Preeti** Bhoj Brand Needs to Hire SO, ASM, Dealer–Distributor For MP & C.G Region mini. 5–10 yrs work Experience– Product Sales Atta, Daliya, Rawa, Suji , Maida, Besan , Salary and Incentives, Call: 7869313811 Aayush Dixit.

**आवश्यकता** है सेल्स एग्जीक्यूटिव, वेतन 18000/– + PF/ESIC, फ्रेशर्स आवेदन, आवश्यक दस्तावेज़: ड्राइविंग लाइसेंस, आधार और बाइक अनिवार्य। UP 7266046689 / UK 9724449983

**अस्वीकरण**

**नईदुनिया क्लासिफाइड कॉलम** में प्रकाशित विज्ञापनों के संबंध में पाठक स्वविवेक से निर्णय लें। विज्ञापनों में किए गए दावों की न तो नईदुनिया पुष्टि करता है और न ही उनके लिए जिम्मेदार है।

**DISCLAIMER**

Readers may use their discretion while responding to any of the ads published in **Naidunia Classified Column.** Naidunia neither verifies nor is responsible for any sort of claims made in the ads.

RAJRATAN OUTPERFORM INDIA | THAILAND

RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED www.rajratan.co.in
Regd. Office: Rajratan House, 11/2, Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401
Email: investor@rajratan.co.in
CIN No. L27106MP1988PLC004778

**EXTRACTS OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER, 2025**

Rs. In Lakhs (Except Earnings per share)

| S. No. | PARTICULARS | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited) | CONSOLIDATED Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) | STANDALONE Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited) | STANDALONE Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | STANDALONE Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (Net) | 29561 | 54316 | 24548 | 19154 | 35044 | 15289 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items ) | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2055 | 3407 | 1905 | 1248 | 2309 | 1481 |
| 5. | Total Comprehensive Income | 3002 | 5384 | 4460 | 1245 | 2303 | 1478 |
| 6. | Equity Share Capital | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | | |
| 8. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of Rs 2/- each) (for continuing and discontinued operations) * Not annualised 1. Basic* | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |
| | 2. Diluted* | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |

**Note: 1.** The above is an extract of the detailed format of results for Quarter/half year ended on 30.09.2025 filed with the Stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated Quarterly/half yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website (www.rajratan.co.in).

**Place : Indore**
**Date : 30th October, 2025**

**By Order of the Board**
**Sunil Chordia,**
**Chairman & Managing Director**
**DIN-00144786**

## Navin Fluorine International Limited

Regd. Office: 602, 6th Floor, Natraj by Rustomjee, 194, M.V. Road & Western Express Highway, Near Kanakia 351 Building, Andheri (East), Mumbai 400069
CIN No: L24110MH1998PLC115499 | Website : www.nfil.in | E mail : info@nfil.in
Tel No.: 022 – 6650 9999 | Fax No 022- 6650 9800

Responsible Care®

### EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2025

(in Crores)

| Particulars | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended | | Half Year ended | | Year ended |
| | 30th Sept, 2025 | 30th Sept, 2024 | 30th Sept, 2025 | 30th Sept, 2024 | 31st March, 2025 |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| Total income from operations | 758.42 | 518.56 | 1,483.82 | 1,042.24 | 2,349.38 |
| Net profit for the period before tax | 197.50 | 76.75 | 352.61 | 145.05 | 380.09 |
| Net profit for the period after tax | 148.37 | 58.82 | 265.54 | 110.02 | 288.60 |
| Total comprehensive income for the period | 147.76 | 60.40 | 265.38 | 112.23 | 291.44 |
| Equity share capital (Face value ₹ 2/- per share) | 10.25 | 9.92 | 10.25 | 9.92 | 9.92 |
| Earnings per share (of ₹ 2/- each) | | | | | |
| - Basic EPS for the period (₹) | 29.06** | 11.86** | 52.76** | 22.19** | 58.20 |
| - Diluted EPS for the period (₹) (**not annualised) | 29.02** | 11.85** | 52.69** | 22.17** | 58.14 |

(in Crores)

| Particulars | STANDALONE | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended | | Half Year ended | | Year ended |
| | 30th Sept, 2025 | 30th Sept, 2024 | 30th Sept, 2025 | 30th Sept, 2024 | 31st March, 2025 |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| Total income from operations | 562.37 | 385.82 | 1,105.32 | 762.10 | 1,686.81 |
| Net profit for the period before tax | 176.55 | 65.81 | 325.98 | 132.03 | 321.30 |
| Net profit for the period after tax | 134.01 | 50.05 | 246.77 | 100.07 | 241.93 |

**Notes:**

1. The results of the quarter and half year ended 30th September, 2025 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on 30th October, 2025. They have been subjected to limited review by the statutory auditors
2. The Board of Directors of the Company declared an interim dividend of ₹ 6.50 per share (325%) on 5,12,30,624 equity shares of nominal value of ₹ 2/- each aggregating to ₹ 33.30 crores, for the financial year 2025-26.
3. During the quarter ended 30th September, 2025, the Fund- Raising Committee at its meeting held on 11th July, 2025 has approved the allotment of 16,02,564 Equity Shares of ₹ 2/- each through Qualified Institutional Placement (QIP) under the provisions of Chapter VI of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended and section 42 and 62 of the Companies Act, 2013, including the rules made thereunder as amended, to the eligible Qualified Institutional Buyers, at the issue price of ₹ 4,680.00 per Equity Share (including a premium of ₹ 4,678.00 per Equity Share), aggregating to approximately ₹ 750.00 crores.
4. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2025 is available on the websites of the Stock Exchanges, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website website www.nfil.in/investor/inv_finan.html.

PADMANABH MAFATLAL GROUP
Creating value. Sharing value.

For Navin Fluorine International Limited

Nitin G. Kulkarni
Managing Director
(DIN: 03042587)

Place : Mumbai
Date : October 30, 2025



DELIVERING **GROWTH** AND EMPOWERING **PROGRESS**

CAPRI LOANS
Farz Nibhaatey Hain

### Q2FY26 RESULTS HIGHLIGHTS (CONSOLIDATED)

**AUM - 27,040**
(Up by 40% YoY)

**DISBURSEMENT - 8,952**
(Up by 64% YoY)

**EQUITY - 6,673**
(Up by 66% YoY)

**BORROWINGS - 16,786**
(Up by 31% YoY)

**NET TOTAL INCOME - 683**
(Up by 67% YoY)

**OPERATING EXPENSE - 228**
(Up by 29% YoY)

**OPERATING PROFIT - 345**
(Up by 137% YoY)

**NET PROFIT - 236**
(Up by 143% YoY)

**SPREAD - 6.9%**
(6.4% in Q2FY25)

**COST/INCOME - 49.4%**
(64.3% in Q2FY25)

**ROAE (Ann.) - 14.4%**
(9.8% in Q2FY25)

**ROAA (Ann.) - 4.0%**
(2.3% in Q2FY25)

**NET NPA - 0.7%**
(1.0% in Q2FY25)

**CAPITAL ADEQUACY - 32.9%**
(Standalone)

**BRANCHES - 1,224**
(997 in Q2FY25)

**EMPLOYEES - 12,197**
(Up by 14% YoY)

Amount in ₹ Crore

MSME LOAN | GOLD LOAN | HOME LOAN

### CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

Note: The above is from an extract of Financial Results. For detailed financials, visit www.capriloans.in
502, Tower A, Peninsula Business Park, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai 400 013 | Tel.: 022-40888100.

#CapriGlobalQ2FY26 | www.capriloans.in FOLLOW US ON

## RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED

RAJRATAN OUTPERFORM INDIA | THAILAND

www.rajratan.co.in
Regd. Office: Rajratan House, 11/2, Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401
Email: investor@rajratan.co.in
CIN No. L27106MP1988PLC004778

### EXTRACTS OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER, 2025

Rs. In Lakhs (Except Earnings per share)

| S. No. | PARTICULARS | CONSOLIDATED | | | STANDALONE | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited) | Quarter Ended 30.09.2024 (Unaudited) |
| 1. | Total income from operations (Net) | 29561 | 54316 | 24548 | 19154 | 35044 | 15289 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2055 | 3407 | 1905 | 1248 | 2309 | 1481 |
| 5. | Total Comprehensive Income | 3002 | 5384 | 4460 | 1245 | 2303 | 1478 |
| 6. | Equity Share Capital | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | | |
| 8. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of Rs. 2/- each) (for continuing and discontinued operations) - *Not annualised | | | | | | |
| | 1. Basic* | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |
| | 2. Diluted* | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of results for Quarter/half year ended on 30.09.2025 filed with the Stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone and consolidated Quarterly/half yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website (www.rajratan.co.in).

By Order of the Board
Sunil Chordia
Chairman & Managing Director
DIN-00144786

Place : Indore
Date : 30th October, 2025

## SUSTAINABILITY DRIVING SCALABILITY

JBM Group
Our milestones are touchstones

EBIDTA up by 11.39%
EPS up by 6.26%
PBT up by 14.59%
Tooling Revenues up by 20.34%

**FUELING THE FUTURE**

### EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30th Sep, 2025

(₹ in crore unless otherwise stated)

| Sr. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30/09/2025 Unaudited | Half Year Ended 30/09/2025 Unaudited | Quarter Ended 30/09/2024 Unaudited |
| 1 | Total Income from Operations | 1,407.04 | 2,701.07 | 1,295.72 |
| 2 | Net Profit for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary Items and Share of Profit/(loss) of Joint venture) | 80.01 | 149.92 | 71.82 |
| 3 | Net Profit for the period before tax(after Exceptional and/or Extraordinary items and Share of Profit/(loss) of Joint venture) | 74.39 | 124.94 | 64.92 |
| 4 | Net Profit for the period after tax(after exceptional and/or extrordinary items) | 55.22 | 94.26 | 52.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) attributable to the owners of the company | 52.25 | 88.84 | 49.15 |
| 6 | Equity share capital | 23.65 | 23.65 | 23.65 |
| 7 | Earning Per Share (of ₹ 1/each.) | | | |
| | a) Basic (in ₹) | 2.23 | 3.78 | 2.09 |
| | b) Diluted (in ₹) | 2.23 | 3.78 | 2.09 |

(₹ in crore unless otherwise stated)

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30/09/2025 Unaudited | Half Year Ended 30/09/2025 Unaudited | Quarter Ended 30/09/2024 Unaudited |
| 1 | Total Income from Operations | 1,222.80 | 2,465.55 | 1,118.43 |
| 2 | Net Profit for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary Items and Share of Profit/(loss) of Joint venture) | 60.55 | 103.70 | 38.79 |
| 3 | Net Profit for the period after tax (after exceptional and/or extrordinary items) | 45.08 | 77.18 | 30.42 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of quarter and half year ended financial results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter and half year ended financial results are available on the websites of BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on Company's website at www.jbmgroup.com.
2 The unaudited financial results for the Quarter and half year ended September 30, 2025 are reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 30th October, 2025. The Statutory Auditors have expressed an unmodified opinion on the aforesaid results.

Scan the QR Code to view the results on the website of the company.

For **JBM Auto Limited**
Sd/-
**Nishant Arya**
**Vice Chairman and Managing Director**
**DIN : 00004954**

Place : Gurugram
Dated : 30th October, 2025

### JBM AUTO LIMITED

**Regd. Office** : Plot No 133, Sector -24, Faridabad- 121 005
**CIN NO:** L74899HR1996PLC123264
**Email:** Corp@jbmgroup.com **Website:** www.jbmgroup.com **Ph.** 011-26427104-06 **Fax** 011-26427100

एक नजर

### बस बेचने के नाम पर 30 लाख की ठगी

इंदौर,(नप्र)। विजय नगर पुलिस ने एक निजी कंपनी में काम करने वाले युवक की शिकायत पर 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने बस बेचने के नाम पर रुपए लिए और बाद में बस पीड़ित के पिता के नाम करने के बजाय अपनी पत्नी के नाम करा दी।

**ऐसे हुआ धोखाधड़ी का खुलासा-** विजय नगर पुलिस के अनुसार, शुभ कड़िया निवासी बी-ब्लॉक, बीसीएम हाइट्स ने शिकायत में बताया कि आरोपी बिलाल सिंह मंडलोई (निवासी सरदारपुर, धार, वर्तमान में सुखमा नगर) और उसकी पत्नी श्यामलता सिंह मंडलोई ने मिलकर उसके पिता से 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। बस बेचने का सौदा तय करने के बाद बिलाल सिंह ने आरटीओ में ट्रांसफर फॉर्म पीड़ित के पिता के नाम कराने के बजाय अपनी पत्नी के नाम करा लिया और दस्तावेजों पर बीमा भी अपने नाम से करवाया।

**पिता के वकील दोस्त के जरिए सौदा-** शुभ कड़िया ने बताया कि उनके पिता के दोस्त शील कुमार, जो पेशे से वकील हैं, काफी समय से परिवार के परिचित हैं। उनके जरिए बिलाल सिंह से संपर्क हुआ। बिलाल ने बताया कि उसका परिचित हरिओम दुबे (भिंड निवासी) दो बसें बेचना चाहता है। बातचीत के बाद बसों का सौदा 30 लाख रुपए में

### बद्री नाराय  ।मन्दिर में अन्न कूट महोत्सव मनाया



इंदौर,(नप्र)। नृसिंह बाजार स्थित डेढ़ सौ वर्ष पुराने श्री बद्रीनाराय ।मन्दिर में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान नर, नाराय ।और माता लक्ष्मी को 56 भोग लगाये गए। एक सदी से अन्नकूट हर दीपपर्व पर आयोजित होता है। प. अतुल उपाध्याय ने बताया कि संपू ।मन्दिर परिसर को सजाया गया। फूलों फलों और आम के पत्तों से विशेष शृंगार किया गया। महाआरती के बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रह । की। पं. संजय उपाध्याय ने बताया कि भगवान बद्रीनाराय ।वि ।ुजी के अवतार है और तीनों मूर्तियां सफेद मार्बल की है। मीडिया प्रभारी प्रवी ।जोशी ने बताया कि पूर्व में पं. कि ।ुराम, पं गोविंद, पं. बालकृ ।उपाध्याय सेवा करते थे और वर्तमान में पं.अजय और पं. वेदांत उपाध्याय पूजा और सेवा कर रहे है। इस मन्दिर में जन्माष्टमी, श्रीरामनवमी, रंगपंचमी के साथ शरद पू ।िमा का पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया जाता है। रंग पंचमी पर हिंद रक्षक की फाग यात्रा यहीं से निकलती है। यहीं ज्योतिष संबंधी कार्य भी होते है।

### हेड कांस्टेबल के बेटे ने की आत्महत्या

इंदौर,(नप्र)। जूनी इंदौर पुलिस लाइन में रहने वाले एक हेड कांस्टेबल के बेटे ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब माता-पिता घर लौटे तो बेटे को देखने के लिए क्वार्टर के सामने वाले कमरे में पहुंचे, जहां वह फंदे पर लटका हुआ मिला। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें युवक ने माता-पिता से माफी मांगते हुए लिखा कि वह उनके भरोसे पर खरा नहीं उतर सका, इसलिए वह कदम उठा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम हर्ष गौड़ (24) निवासी पुलिस लाइन है। हर्ष के पिता सतीश गौड़ और मां भागवत कथा में गए हुए थे। जब वे घर लौटे और क्वार्टर के सामने बने कमरे में पहुंचे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। झांककर देखा तो हर्ष फंदे पर लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि वह कई घंटों से लटका हुआ था। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें हर्ष ने अपनी मर्जी से जान देने की बात कही है और माता-पिता से माफी मांगी है।

**सिविल सेवा की कर रहा था तैयारी-** परिवार के मुताबिक, हर्ष सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा था। संभवतः पढ़ाई के दबाव या अवसाद के कार ।उसने यह कदम उठाया। हर्ष के पिता एमजी रोड थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ हैं। परिवार में बड़ा भाई रमाकांत भी है। परिवार मूल रूप से मुरैना जिले का रहने वाला है।

# शाम को मावठे के साथ घना कोहरा

## पारा लुढ़ककर औसत से 9 डिग्री कम पर, 100 साल में अक्टूबर का सबसे ठंडा दिन



इंदौर,(नप्र)। अक्टूबर के आखिरी दिनों में ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को कोहरा छाने के साथ मौसम दिनभर ठंडा रहा। गुरुवार को तो ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक घुल गई। शाम को कई हिस्सों में मावठे के साथ कोहरा छा गया। इससे ठण्ड का असर तेज हो गया। कहीं-कहीं रिमझिम भी हुई। इस हफ्ते में यह दूसरा मौका है जब अक्टूबर में दिन का पारा औसत से 9 डिग्री कम दर्ज हुआ है। आज तापमान 23.2 (-9) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके पूर्व 26 अक्टूबर को 23.5 (-9) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

खास बात यह कि मौसम विभाग के पास अक्टूबर के दिन के तापमान के निचले स्तर का जो रिकॉर्ड है इसमें इस तरह का तापमान किसी भी शताब्दी में रहा है। मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला के मुताबिक अक्टूबर में तापमान में गिरावट आने लगती है। इंदौर में इस स्तर पर अधिकतम तापमान इतिहास में नहीं रहा है।

इसके पूर्व रविवार को दिन का तापमान 4 डिग्री लुढ़ककर 25.1 (-7) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। यह औसत से 7 डिग्री कम है। इसके साथ ही हवा की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटा रही, जिससे ठंड का असर महसूस होने लगा। रात का पारा दो दिनों से 21 डिग्री पर है और हल्की ठंड है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि हवा की रफ्तार तेज होने से आज भी दिन में ठंड क खासा असर रहेगा।

दरअसल अरब सागर में डिप्रेशन और बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन के साथ उत्तरी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। इन तीनों सिस्टम का असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। वहीं इंदौर में तेज हवा चली। इससे दिन का पारा लुढ़क गया। दरअसल 'मोंथा' तूफान का भी असर भी प्रदेश में देखने को मिल रहा है। कई शहरों में हवा की रफ्तार बढ़ गई है। इस वजह से ठंड का असर भी बढ़ा है।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अस्वस्थ

## इंदौर के हॉस्पिटल में एडमिट, कई जांचें हुई, डॉक्टर के अनुसार- हालत ठीक



इंदौर,(नप्र)। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को अस्वस्थ हो गए। उन्हें इंदौर के एक हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। सुबह परिवार और कुछ खास नजदीकी लोगों के साथ वे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे। यहां प्राइमरी ऑब्जर्वेशन के बाद उन्हें एडमिट किया गया। इस दौरान उनकी कुछ जांचें हुई। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत अच्छी है।

मंत्री विजयवर्गीय आज इंदौर में ही थे। वे सुबह 9 बजे असहज महसूस हुए। इस दौरान मौसम भी बदला हुआ था। जब उन्हें ठीक महसूस नहीं हुआ, तो उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ रिपोर्ट तत्काल मिलने के बाद उन्हें एडमिट किया गया। हालांकि इसकी जानकारी चुनिंदा लोगों को ही है और सभी से इसे सोशल मीडिया पर साझा न करने को कहा गया।

हॉस्पिटल के राहुल पाराशर (जीएम) ने बताया कि उन्हें अधिक थकान हुई थी, इसलिए एडमिट किया गया। वे वार्ड में ही हैं और जल्द ही ठीक हो जाएंगे। अभी उन्हें आराम की सलाह दी गई है। नजदीकी लोगों के मुताबिक, पिछले चार-पांच दिनों से वे काफी व्यस्त रहे हैं, जिसके कारण उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिल पाया और थकान हुई।

# चाइल्ड पोनोग्राफी मामला, 2 गिरफ्तार

## पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं आरोपी मोबाइल में बच्चों के अश्लील वीडियो मिले

इंदौर,(नप्र)। इंदौर की राज्य सायबर सेल ने दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी चाइल्ड पोनोग्राफी मामले से जुड़े हैं। उनके मोबाइल में नाबालिग बच्चों की अश्लील हरकत करते हुए वीडियो थी मिला है। इस मामले में पूर्व में राज्य सायबर सेल ने प्रकरण दर्ज किया था। मामले में जांच के बाद पता चला है कि दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और आरोपियों के मोबाइल से नाबालिग बच्चों के वीडियो भी मिले हैं।

टीआई दिनेश वर्मा की टीम ने लक्ष्मीकांत पुत्र अरूण बागड़ी निवासी आगरा, गढ़बेटा पश्चिम मदीनापुर और प्रदीप पुत्र मधई बागड़ी निवासी आगरा गढ़बेटा को गिरफ्तार किया है। नाबालिग बच्चों के साथ अश्लील हरकत करने संबंधी कई वीडियो एक मोबाइल पर मिले थे। पोर्टल के माध्यम से उक्त मोबाइल आईडी व ईमेल के माध्यम से चाइल्ड पोर्नोग्राफी के अपलोड किए गए थे। जिसमें 15 विडियो रिकवर हुए। मोबाइल नंबरों की लोकेशन पश्चिम मेदिनीपुर आई थी। वर्तमान में दोनों की लोकेशन सांदलपुर तह खातेगांव जिला देवास आई थी। जब सायबर पुलिस ने इन नंबरों पर आगे जानकारी निकाली तो पता चला कि देवास में स्थित एक प्रतिष्ठित एनजीओ जिसमें छोटे ट्राइबल एवं गरीब बालक-बालिकाओं को निःशुल्क पढ़ाया जाता तथा वहीं होस्टल में निःशुल्क रखा जाता है।

### पुलिस ने चेन लूटेरों को पकड़ा, भागने में टूटे हाथ-पैर

इंदौर,(नप्र)। परदेशीपुरा पुलिस ने चेन लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भागने के दौरान उनके हाथ-पैर टूट गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तोले की सोने की चेन बरामद की है। आरोपियों से रिमांड लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। टीआई तरु ।भाटी के मुताबिक, 27 अक्टूबर की शाम कलानी नगर सब्जी मंडी में अर्चना निवासी लक्की नगर की सोने की चेन बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट ली थी। इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले थे। फुटेज और बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम बनाई। बुधवार रात पुलिस ने इस मामले में शुभम उर्फ घाटा, जितेन्द्र वर्मा निवासी साईं सुमन नगर, साहिल पुत्र मोहन मस्कुरिया और उनके साथी नितीन पुत्र संतोष केल्दा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई सोने की चेन बरामद की है।



# सिंहस्थ की तैयारी के लिए बिजली कंपनी के एमडी ने ली मिटिंग

इंदौर,(नप्र)। सिंहस्थ 2028 के लिए अन्य विभागों के साथ ही बिजली वितरण कंपनी भी वितरण क्षमता वृद्धि, अधोसंरचना के कार्य, नए ग्रिड, ट्रांसफार्मर, कोटेड कंडक्टर, केबलीकरण, अंडरग्राउंड केबल लगाने के कार्य की तैयारी में जुटी हुई हैं, कुछ नए कार्य प्रारंभ भी कर दिए गए है। इसी को लेकर पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के एमडी अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार की शाम मिटिंग ली। इसमें उज्जैन के अधीक्षण यंत्री विनोद मालवीय समेत अन्य कार्यपालन यंत्री वर्चुअल शामिल हुए। इस दौरान बताया गया कि सिंहस्थ मेला क्षेत्र में वर्ष 2028 में 230 मैगावाट बिजली मांग अतिरिक्त रहेगी, इधर शेष उज्जैन शहर की बिजली मांग 300 से 400 मैगावाट तक पहुंच सकती है। इस तरह सिंहस्थ के दौरान उज्जैन में 600 मैगावाट के करीब बिजली की आवश्यता होगी। इसी के लिए तैयारी जारी है। शहर में चार गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन के अलावा करीब 70 काम्पेक्ट सब स्टेशन तैयार किए जाएंगे, जो मेला क्षेत्र की सारी बिजली आपूर्ति गुणवत्ता के साथ करेंगे। । मिटिंग में मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कामेश श्रीवास्तव, संजय जैन, सुनील पौटादी, संयुक्त सचिव संजय मालवीय आदि ने विचार रखें।

### सफाईकर्मी महिला से की छेड़छाड़

इंदौर,(नप्र)। गांधी नगर इलाके में एक सफाईकर्मी महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पड़ोसी राज माली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी अक्सर उसके घर के बाहर कचरा फेंकता था। जब उसने ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने नशे की हालत में आकर उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को चुटी पकड़ कर खींच लिया। शोर सुनकर जब महिला की छोटी बहन बचाव के लिए पहुंची, तो आरोपी ने उसके हाथ पर दांतों से काट लिया।

# स्कूल के बाहर करता था लड़कियों से छेड़छाड़

इंदौर,(नप्र)। चंदन नगर क्षेत्र में एक निजी स्कूल की महिला टीचर के साथ अभद्रता और धमकाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रेहान खान निवासी चंदू वाला रोड के खिलाफ केस दर्ज किया है। टीचर ने बताया कि स्कूल की छुट्टी के समय एक युवक स्कूल गेट के बाहर खड़ा होकर छात्राओं को घूरता था। एक-दो बार देखने के बाद उन्होंने प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी। जब प्रिंसिपल ने युवक को रोका, तो उसने अपना नाम रेहान बताया और इलाके में पहचान होने की बात कहते हुए धमकाने लगा। बुधवार को छुट्टी के बाद जब महिला टीचर घर जा रही थीं, तब रेहान बाइक से आया और रास्ता रोक लिया। उसने कहा कि अगर उसे स्कूल के बाहर खड़े होने से रोका गया तो अंजाम ठीक नहीं होगा। धमकी देने के बाद वह वहां से भाग गया। महिला ने घर पहुंचकर परिवार को घटना की जानकारी दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# बंगाल की लड़कियों को काम दिलाने के बहाने लाता और करवाता था देह व्यापार

इंदौर,(नप्र)। पलासिया पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है मानव तस्करी में लिप्त था। आरोपित आर्थिक रुप से कमजोर युवतियों को रोजगार के बहाने पश्चिम बंगाल से महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश लेकर आता था। आरोपित युवतियों को प्रताड़ित कर उनसे देहव्यापार करवाता था।

टीआइ सुरेंद्रसिंह रघुवंशी के मुताबिक मामला तीन वर्ष पुराना है। पुलिस ने 24 परगना (कोलकाता) निवासी एक युवती की शिकायत पर मानव तस्करी व देहव्यापार की धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में एक माह पूर्व आरोपित कांकली को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। बुधवार को आरोपित नसीरुल पुत्र नजरुल निवासी 24 परगना को गिरफ्तार कर लिया। टीआई के अनुसार नसीरुल देह व्यापार में लिप्त रहा है। वह मजबूर और गरीब परिवार की युवतियों को काम के बहाने लेकर आता था। उन्हें वह शुरूआत में मुंबई रखता था। इसके बाद वह इंदौर लेकर आता था। पीड़ित युवती को आरोपित ने खजराना निवासी आमरिन के पास रखा था। परेशान होकर युवती घर से भागी और थाने में आकर पूरी घटना बताई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व पासपोर्ट में मेरा नाम **शिवांश राजकुमार चतुर्वेदी** था। जो अब परिवर्तित होकर **शिवांश चतुर्वेदी** हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

**शिवांश चतुर्वेदी**
**पिता राजकुमार चतुर्वेदी**
देवगांव, मैर, पोस्ट ऑफिस ब्यौहारी, जिला शहडोल (म.प्र.) 484774

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

क्रमांक 222 दिनांक 29/10/25

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निगम रिकार्ड में मकान नम्बर 9/1/ प्रकोष्ठ 313/[illegible] खातिराम मार्ग [illegible] इन्दौर पर श्री प्रेमलता पति स्व. सुभाषचंद सेखरू का नाम अंकित है सदर भवन के नामान्तरण के लिये आवेदक श्री श्रीमती मंजुला मेहता के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रीखत/ वसीयत/वारिस नाते न्यायालय निर्णय अनुसार आवेदन किया है किसी को भी उक्त नामान्तरण के संबंध में आपत्ती हो तो मय दस्तावेजों के राजस्व कार्यालय झोन क्रमांक-02 राजमोहल्ला पर 7 दिवस में प्रस्तुत करें। निश्चित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सदर भवन का नामान्तरण किया जावेगा।

संपत्तिकर खाता क्र. 1003122599
सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र.-02, नगर पालिक निगम, इंदौर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर**

क्रमांक: 2168/रीडर/2024 इन्दौर दिनांक :28/10/2025

**उदघोषणा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण राधा देवी पति कल्याण माहेश्वरी निवासी -2/2,नार्थ राजमोहल्ला, इंदौर, स्नेहलता पति सुधीर माहेश्वरी निवासी - 2/1, नार्थ राजमोहल्ला, इंदौर ने अनावेदकगण भाईलाल भाई पटेल पिता काशी भाई पटेल, अशोक भाई पटेल पिता भाईलाल भाई पटेल निवासी 14, तुकोगंज मेन रोड, इंदौर के विरुद्ध म. प्र. भू राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1890 दिनांक 28/09/1995 के आधार पर राजस्व ग्राम खजरानी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 361, 366, 368, 369 औद्योगिक शेड पैकि भाग क्रमांक 50 का 1/2 हिस्सा रकबा 8049.22 वर्गफीट भूमि पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक / /2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

आर.सी.एम.एस. प्रकरण क्रमांक 0776/अ-6/2025-26

तहसीलदार
तहसील- जूनी इंदौर

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/557/अ.क.री./2025 :: विज्ञप्ति :: इन्दौर, दिनांक:- 30/10/2025

मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम, 1956/मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 उसके अंतर्गत निर्मित मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021, के अधीन एतद् द्वारा नगर परिषद राऊ, तहसील राऊ, जिला इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | [illegible] "MUFADDAL ENCLAVE" | नगर परिषद राऊ, तहसील-राऊ जिला-इंदौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 274 रकबा 0.129 है., सर्वे नंबर 275/1 रकबा 0.0710 है., सर्वे नंबर 275/2 रकबा 0.0710 है, कुल रकबा 0.271 है. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17512025A10082 4104 इंदौर दिनांक 12.09.2025 भूखण्ड क्रमांक 11, 12, 13 इस प्रकार कुल 03 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल 322.49 वर्गमीटर भूमि बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 03 भूखण्ड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडों का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/549/अ.क.री./का.से./2025 :: विज्ञप्ति :: इन्दौर, दिनांक:- 30/10/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा [illegible], तहसील-[illegible], जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | [illegible] "ARIHANT PRIDE" | [illegible] जिला-इंदौर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 343/1 रकबा 0.511 है., सर्वे क्रमांक 343/2 रकबा 0.511 है., सर्वे क्रमांक 343/3/1 रकबा 0.510 है., सर्वे क्रमांक 343/3/2 रकबा 0.511 है., सर्वे क्रमांक 353/2/1 रकबा 2.150 है, सर्वे क्रमांक 353/2/2 रकबा 0.633 है., सर्वे क्रमांक 353/3 [illegible] रकबा 2.783 है. में से 1.948842 है. कुल रकबा 7.609 है. में से 67748.42 वर्गमीटर भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17542025A1028 17456 इंदौर दिनांक 11.09.2025 से भूखण्ड क्रमांक 1 से 23 तक, 29 से 36 तक, 39 से 45 तक, 48 से 60 तक, 224 से 240 तक, 275 से 281 तक, 294 से 302 तक, 353 से 377 तक इस प्रकार कुल 109 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल 9431. 05 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 109 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर, जिला इन्दौर



# विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से गोपाष्टमी पर्व मनाया

इंदौर,(नप्र)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रचार प्रमुख अन्नु गेहलोत एवं दीपक साहू ने बताया इंदौर के बद्रीनाथ जिला में सुयश विहार के रहवासियों ने गोमाता की पूजा कर दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत सेवा प्रमुख मुकेश चौधरी ने बताया कि आज के दिन ही यशोदा माता ने भगवान श्री कृष्ण को गोमाता विचरण करने के लिए वन में जाते समय रक्षा सूत्र बांधकर गोवंश की रक्षा का संकल्प दिलवाया था। इसके बाद ही उन्हें गोपाल नाम मिला। गो माता की रक्षा के लिए ही भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण किया था। साध्वी दीदी आदित्य चेतनागिरी जी ने सभी बहनों को रानी लक्ष्मी बाई की तरह देश रक्षा का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय कवि मुकेश मौलवा ने कहा कि हिंदू धर्म के सभी परम्पराओं में गोमाता का स्थान सबसे ऊपर होता है, भगवान शिव को भी गोमाता के दुग्ध, दही और घृत से स्नान कराया जाता है।

### आजाद नगर में बजरंग दल ने मुस्लिम युवक को पीटा

इंदौर,(नप्र)। आजाद नगर में बुधवार रात बजरंग दल ने मुस्लिम युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान युवक को बचाने पहुंचे पुलिसकर्मियों से भी उनकी की झड़प हो गई। हालांकि रात में अधिकारी थाने पहुंचे, जहां बजरंग दल की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रवी ।देअकर को सूचना मिली थी कि पवनपुरी इलाके में रहने वाला समीर खान एक हिंदू युवती के साथ यहां रह रहा है। सूचना मिलने के बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता पवनपुरी के एक मकान पर पहुंचे। जब उन्होंने मकान मालिक से पूछताछ की तो उसने उन्हें घर के अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। जब पुलिस ने समीर को घर से बाहर निकाला, तो बजरंग दल के सदस्यों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह समीर को भीड़ से बचाकर थाने पहुंचाया। रात में बजरंग दल कार्यकर्ता समीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में हंगामा करते रहे। उसके साथ रहने वाली युवती ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने से इंकार कर दिया।

**RAJRATAN** OUTPERFORM
INDIA | THAILAND

**RAJRATAN GLOBAL WIRE LIMITED** www.rajratan.co.in
Regd. Office: Rajratan House, 11/2, Meera Path, Dhenu Market, Indore-452003, MP, India. Tel.: +91-731-2546401
Email: investor.cell@rajratan.co.in CIN No. L27106MP1988PLC004778

**30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं छः माही हेतु वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष**

(रु. लाख में ई.पी.एस. को छोड़कर)

| क्र. | विवरण | समेकित | | | पृथक्कृत | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त छ:माही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2024 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त छ:माही 30.09.2025 गैर लेखा परिक्षित | समाप्त तिमाही 30.09.2024 गैर लेखा परिक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 29561 | 54316 | 24548 | 19154 | 35044 | 15289 |
| 2. | शुद्ध लाभ कर, अपवाद तथा असाधरण मदों से पहले | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 3. | शुद्ध लाभ कर से पहले तथा अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद | 2683 | 4466 | 2464 | 1691 | 3128 | 1993 |
| 4. | शुद्ध लाभ कर अपवाद एवं असाधरण मदों के बाद | 2055 | 3407 | 1905 | 1248 | 2309 | 1481 |
| 5. | कुल व्यापक आय | 3002 | 5384 | 4460 | 1245 | 2303 | 1478 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 | 1015.42 |
| 7. | संचेय (पुर्नमूल्यान संचय छोड़कर जैसा कि पूर्व वर्ष के लेखा परिक्षित तुलनपत्र में दर्शित है।) | | | | | | |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन , (रू. 2 प्रत्येक का) 1.मूल | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |
| | 2. तनुकृत | 4.05 | 6.71 | 3.75 | 2.46 | 4.55 | 2.92 |

नोट: 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियामली 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक ऐक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए तिमाही के वित्तीय परिणामों का सारकित रूप है। समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक ऐक्सचेंजेस की वेबसाईट (www.bseindia.com), (www.nseindia.com) एवं कंपनी की वेबसाईट (www.rajratan.co.in) पर उपलब्ध है।

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 30.10.2025

बोर्ड की आज्ञानुसार
सुनील चोरड़िया
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN-00144786

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/533/का.से./2025 :: विज्ञप्ति :: इन्दौर, दिनांक:- 30/10/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम-पंचायत, तहसील-[illegible], जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ. क्र. | कॉलोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिए विकास अनुमति जारी | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | [illegible] कालोनी का नाम "SHRI AYODHYA PURAM" | [illegible] जिला-इंदौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 241 रकबा 1.761 है., सर्वे नंबर 242/2/2 रकबा 4.102 है में से 1.188 है., सर्वे नंबर 243 रकबा 2.072 में से 0.625 है., सर्वे नंबर 244/1/1 रकबा 1.776 है. कुल रकबा 9.711 है. में से 5.350 है. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्र. MP7IGR17512025A1 00838462 इंदौर दिनांक 18.09.2025 से भूखण्ड क्र. 4 से 6, तक, 27, 32 से 34 तक, 63, 67, 69 से 75 तक, 80, 104, 105, 107 से 110 तक, 115 से 120 तक, 126 से 128 तक, 130 से 132 तक, 135, 136, 142 से 146, 151 से 154 तक, 165, 169 से 174 तक, 183 से 183 तक, 207, 230, 232, 244, 245, 249 से 251 तक, 253, 258, 260 से 262 तक, 266, 284 से 287 तक, 289 से 296 तक इस प्रकार कुल 84 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल 7781.663 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 84 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर, कॉलोनी सेल शाखा, जिला इन्दौर